**जनपद हमीरपुर**

**थाना सुमेरपुर** **दिनांक 13.09.2026**

**थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-313/2026 धारा-103(1)/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित हत्या का वांछित अभियुक्त घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ, गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।**

**घटना का विवरण**

अवगत कराना है कि दिनांक 12.09.2026 को समय करीब 19:30 बजे थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चंद्रपुरवा में आनन्दी यादव उर्फ जुल्ली द्वारा अपनी मां रामश्री (उम्र करीब 74 वर्ष) की लोहे के सब्बल व ईट से प्रहार कर हत्या किए जाने व अपनी बहन सखीरानी व उनके पति को जान से मारने की धमकी देने की सूचना थाना सुमेरपुर पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना पर थाना सुमेरपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो घर के अंदर देखा गया तो रामश्री आंगन में मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। उनके सिर पर चोट के निशान पाए गए। फील्ड यूनिट एवं डॉग स्क्वायड टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई एवं उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। वादिया सखीरानी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 313/2026 धारा-103(1)/351(3) बीएनएस बनाम आनन्दी यादव उर्फ जुल्ली पुत्र ललैया यादव निवासी ग्राम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 13.09.2026 को थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आनन्दी यादव उर्फ जुल्ली पुत्र ललैया यादव निवासी ग्राम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को ग्राम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग में सीताराम के खेत के बगल में बने बांस की कोठ की आड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का सब्बल खून लगा व एक ईंट बरामद की गई। पूछतांछ में अभियुक्त के द्वारा बताया गया कि जमीनी विवाद के कारण अभियुक्त ने अपनी माता उपरोक्त पर लोहे की सब्बल एवं ईट से हमला कर जान से मार दिया था। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

आनन्दी यादव उर्फ जुल्ली पुत्र ललैया यादव (उम्र करीब 50 वर्ष) निवासी ग्राम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 313/2026 धारा 103(1)/351(3) BNS थाना समेरपुर

2.मु0अ0सं0 1435/08 धारा 304/504 भादसं थाना सुमेरपुर

3.मु0अ0सं0 307/21 धारा 286 भादसं थाना सुमेरपुर

4.मु0अ0सं0 308/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सुमेरपुर

5.मु0अ0सं0 16/24 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना सुमेरपुर

6.मु0अ0सं0 114/24 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना सुमेरपुर

7.मु0अ0सं0 253/24 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना सुमेरपुर

**गिरफ्तारी का स्थान-**

चन्द्रपुरवा बुजुर्ग ,थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद लोहे का सब्बल खून लगा व एक अदद ईंट।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. निरी0 पवन कुमार पटेल (प्र0निरी0 थाना सुमेरपुर)
2. का0 सुमित कुमार
3. का0 स्वप्निल

